भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का वर्ष 2022 Batch के IPS Probationers को सम्बोधन

नई दिल्ली, 18 नवंबर, 2023

वर्ष 2022 batch के आप सभी IPS Probationers से मिलकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। आप सब कठिन परिश्रम के बल पर कड़ी प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त करके IPS के लिए चुने गए। इसके लिए मैं आप सबको बधाई देती हूँ। अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद आप सब पुलिस अधिकारियों के रूप में बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी निभाएंगे।

पुलिस प्रशासन तथा Law & Order का प्रमुख दायित्व राज्य सरकारों पर होता है। लेकिन, आप सब IPS Officers राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त किए गए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नेतृत्व प्रदान करते हैं। इस प्रकार देश की पुलिस व्यवस्था को अखिल भारतीय सूत्र में पिरोने का कार्य Indian Police Service के आप जैसे अधिकारियों द्वारा किया जाता है। मुझे बताया गया है कि आप सब अपनी training के दौरान NPA Song यानी National Police Academy का गीत गाते हैं। उस गीत में आपकी भूमिका और आपके आदर्शों को इन शब्दों में व्यक्त किया गया है:

हर दिशा से चुनकर आए
कुछ ऐसा हम कर जाएं
व्यक्तित्व तराशें ऐसा
जो मुल्क के काम आ जाए।

आप में से अनेक probationers भविष्य में अधिकारी के रूप में समय-समय पर BSF, CRPF, CISF और NSG जैसे गृह मंत्रालय के नियंत्रण में संचालित केंद्रीय पुलिस बलों को भी सेवाएं प्रदान करेंगे।

राज्य स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस बलों ने देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में अमूल्य योगदान दिया है। इसके लिए मैं वर्तमान और पूर्व के सभी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों की सराहना करती हूं। कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में यहां से थोड़ी ही दूरी पर, चाणक्य पुरी में National Police Memorial की स्थापना की गई है। मैं सभी देशवासियों की ओर से पुलिस बलों के उन बलिदानी वीरों को नमन करती हूं।

Dear IPS Probationers,

वर्ष 2022 के इस batch में महिलाओं की संख्या लगभग 21 प्रतिशत है। मुझे बताया गया है कि Indian Police Service में 554 महिला अधिकारी कार्यरत हैं, जो कि तैनात अधिकारियों की कुल संख्या 4344 का लगभग 13 percent है। मुझे विश्वास है कि महिला IPS officers के कुल number और percentage में वृद्धि होती रहेगी। मैं चाहूंगी कि सभी महिला IPS Officers तथा पुलिस बलों में कार्यरत सभी महिलाएं एक दूसरे के साथ संपर्क बढ़ाएँ और अपने अनुभवों से परस्पर लाभान्वित हों। मैं यह भी मानती हूँ कि Community Policing को बढ़ावा देने में तथा Sensitive और Friendly Policing की अपेक्षा को पूरा करने में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष भूमिका रहेगी।

Dear IPS Probationers,

उपनिवेशवाद के दौर में, विदेशी हुकूमत के उद्देश्यों को प्राप्त करना ही प्रशासन का लक्ष्य होता था। लेकिन स्वाधीन और समता-मूलक लोकतन्त्र में सभी

नागरिकों की प्रतिभा और क्षमता के विकास हेतु अवसर प्रदान करना सरकार और प्रशासन का लक्ष्य है। भय और गुलामी की मानसिकता को समाप्त किया जाए तथा सभी नागरिक आत्मसम्मान के साथ विकास की यात्रा में भागीदार बनें, यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता है। 'अमृत काल' के दौरान, देश को समग्र रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को सिद्ध करने में पुलिस अधिकारियों की भी निर्णायक भूमिका रहेगी।

स्वाधीन भारत को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने के साथ-साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रशासन का स्वरूप भी निर्धारित किया था। वे कहते थे कि अधिकारियों को सक्षम होने के साथ-साथ सच्चरित्र, निष्पक्ष और संवेदनशील भी होना चाहिए। वर्ष 1947 में युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, "Above all, I would advise you to maintain the utmost impartiality and incorruptibility..."

आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कानून व्यवस्था का सुदृढ़ होना एक अनिवार्य शर्त है। विश्व स्तर पर, राष्ट्र स्तर पर और स्थानीय स्तर पर यह देखा गया है कि जहां कानून व्यवस्था मजबूत नहीं होती है, वहाँ उद्यमी निवेश नहीं करना चाहते हैं। अच्छी कानून व्यवस्था वाले क्षेत्रों के प्रति निवेशकों से लेकर पर्यटकों तक, सभी उत्साहित रहते हैं। इस प्रकार, किसी भी क्षेत्र के बहुआयामी विकास के पीछे वहाँ के पुलिस विभाग की केंद्रीय भूमिका होती है।

पुलिस बलों के सामने Cyber Crime, Drug Cartels, Left Wing Extremism और आतंकवाद सहित अनेक चुनौतियाँ मौजूद हैं। नयी-नयी Technology और Social Media के प्रभाव से परिस्थितियाँ तेजी से बदलती हैं। Generative Artificial Intelligence का प्रयोग अपराधी करते हैं और deep-fake जैसी समस्याएँ सामने आ रही हैं। पुलिस अधिकारियों को technology के क्षेत्र में

हमेशा updated रहना होगा और अपराधियों पर सदैव बढ़त हासिल करनी होगी।

मुझे विश्वास है कि आप जैसे परिश्रमी और प्रतिभाशाली युवा अधिकारीगण सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेंगे और भारत के भविष्य निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे। मैं आप सबके गौरवशाली भविष्य की मंगलकामना करती हूँ।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!